महत्वपूर्ण एवं खास

जिले के दो प्रधान आरक्षक सहायक उप निरीक्षक के पद पर हुए पदोन्नत

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा आज जिले के 2 प्रधान आरक्षक राकेश मिश्रा, थाना कोतवाली एवं बालकृष्ण डनसेना, थाना यातायात के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा पदोन्नत हुये सहायक उप निरीक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए नयी जिम्मेदारी व पद की गरिमा अनुरूप कार्य करने की समझाईश दिया गया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे एवं कार्यालयीन स्टाफ भी मौजूद थे।

अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 14 नवम्बर को

रायगढ़। निजी क्षेत्र के उद्योगों में अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने के लिए 14 नवम्बर 2022 को समय प्रात: 10:30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मे.जेएसडब्ल्यू इस्पात स्पेशल प्रोडक्ट्स लि.पो. नहरपाली रायगढ़ में कम्प्यूटर इंजी., सिविल इंजी, इलेक्ट्रिकल इंजी, इन्स्ट्रूमेनटेशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंजी एवं मेटलरजी तथा मे.स्ट्रक्चरल स्टील डिविजन, इंडस्ट्रीयल पार्क पूंजीपथरा रायगढ़ में फिटर, वेल्डर, ग्राईन्डर व गैस कटर ट्रेड में कुल रिक्त 68 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा होना जरूरी है। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

छोटेसलना अवैध जंगल कटाई के 4 आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिले के वन परिक्षेत्र माकड़ी के शामपुर परिसर में छोटेसलना के लगे वनक्षेत्र आरएफ 106 के 0.930 हैक्टर वनभूमि में हुए अवैध कटाई के मामले में 04 आरोपियों सोमन पिता घुड जाति चंडार 30 वर्ष, बजनाथ पिता आयतु राम जाति चंडार 50 वर्ष, कपूर सिंह पिता भुला राम जाति चंडार 35 वर्ष और मानसिंह पिता नथिया राम जाति राउत 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम छोटेसलना के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण 18469/5 दर्ज किया गया था। जिसमें वनमंडलाधिकारी दक्षिण वन मंडल कोंडागांव के निर्देशन तथा उप वनमंडलाधिकारी पूर्व कोंडागांव के मार्गदर्शन में 10 नवंबर को उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला कोंडागांव के न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेश से न्यायिक रिमांड पर जेल दाखि कर दिया गया।

80 भेड़ों की मौत पर प्रशासन से मुआवजा की मांग

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। जनपद सदस्य संजय बैंस ने ग्राम पंचायत भर्रीटोला में हो रहे भेड़ों की मौत पर प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है। जनपद सदस्य संजय बैंस ने बताया कि पशु पालक शासन के द्वारा दिए गए क्रीमी की दवाई पिलाने से भेड़ों को रिएक्शन होने से भेड़ों का मृत्यु होना प्रारंभ हो गया। जबकि उससे पहले भेड़ सुरक्षित और स्वस्थ थे पशु पालक अपनी परिस्थिति से ऐसे ही परेशान रहते है इधर उधर भटकते हुए पशु को पालना ही बड़ी परेशानी होती है साल में एक बार का इंतजार रहता है की इनको बेच कर साल भर के खर्चे निकल जाए लेकिन इनकी मेहनत पर पशु चिकित्सा विभाग ने पानी फेर दिया।अभी तक 80 भेड़ों की मौत हो गई है जिसकी कीमत लगभग पांच लाख से ऊपर है इतना बड़ा नुकसान एक परिवार की कमर तोड़ देगी। जनपद सदस्य संजय बैंस ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सम्बंधित परिवार को मुआवजा देने की मांग किया है।

अंतर्जातीय विवाह करने वाले 8 दम्पत्तियों को 14 लाख 45 हजार रूपये का चेक वितरित

गरियाबंद (आरएनएस)। राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 8 दम्पतियों को 14 लाख 45 हजार 376 रूपये का चेक वितरित किया गया। राज्योत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने अपने कर कमलों से दम्पत्तियों को राशि का चेक प्रदान किया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बद्रीश सुखदेवे ने बताया कि अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत हितग्राही क्रमश: मोहित कुमार देवदास/पदमनी ग्राम फोलकर्रा, एकानंद बंजारे/हिमांशी ग्राम पोखरा, धनसाय नागेश/उषा सेन ग्राम नवापारा, घनश्याम भारती/सुरेखा निर्मलकर ग्राम आमदी, दिलीप बंजारे/पूजा सिन्हा ग्राम बकली, तिजाउ राम जगने/मुन्नी विश्वकर्मा ग्राम श्यामनगर, गोपचंद मांडले/खुमेश्वरी साहू ग्राम फिंगेश्वर तथा रायबहादुर कोसले/टिकेश्वरी साहू ग्राम चौबेबांधा उक्त प्रत्येक दंपत्ति को 1 लाख 80 हजार 672 रूपये का चेक प्रदान किया गया है।

केटीएम बाइक और पर्स लूटपाट मामले में तमनार पुलिस के हाथ आया अपचारी बालक

❐ अपचारी बालक से लूटा हुआ बाइक और पर्स जब्त, तमनार के महलोई की घटना

रायगढ़। दिनांक 11.11.2022 को तमनार पुलिस की टीम पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर युवक से केटीएम बाइक और पर्स लूटपाट करने वाले आरोपियों की पतासाजी में सुनियोजित तरीके से गांव की घेराबंदी कर छापेमारी किया गया और घटना के चंद घंटों के भीतर एक आरोपी को पकड़ा गया जो नाबालिग है, विधि के साथ संघर्षरत बालक अपने अन्य दो साथियों के साथ कल दोपहर फिटिंगपारा महलोई महादेव मंदिर के पास लूटपाट करना स्वीकार किया है जिसके मेमोरेंडम पर पीड़ित का लूटा हुआ केटीएम बाइक व पर्स जिसमें 2,000 रूपये व पीड़ित का आधारकार्ड वगैरह रखा हुआ था जप्त किया गया, घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दिया गया जो फरार है।

घटना के संबंध में पीड़ित अरूण कुमार उर्फ उमेश चौहान पिता घासीराम चौहान उम्र 35 साल निवासी ग्राम रायकेरा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ कल शाम थाना तमनार आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 10.11.2022 को सुबह अपने केटीएम बाइक से रायगढ़ गया था, जहां से दोपहर में तमनार आया, दोपहर लगभग 01.00 से 01.30 बजे के बीच फिटिंगपारा महलोई महादेव मंदिर के पास 03 लड़के आये और जबरन रास्ता रोककर गाली गलौच धक्का-मुक्की कर बाइक से गिरा दिये और के.टी.एम. बाइक क्रमांक सी.जी. 13 ए.ए. 4146 की चाबी और जेब में रखे पर्स जिसमें आधार कार्ड, फोटो एंव नगदी रकम रु.2,000 था जिसे छिन कर ग्राम महलोई की ओर भाग गये। भागते समय उनमें से एक लड़के का फोटो मोबाइल पर खींच लिया जिसे आसपास के लोगो को दिखाकर उसका नाम, पता किया और थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया। #तमनार पुलिस संदेहियों पर धारा 294,506,323, 341,394,34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर तत्काल आरोपियों की पतासाजी के लिये उनके गांव में दबिश दिया गया और एक किशोर लड़के को हिरासत में लिया गया जो नाबालिग है जिसने अपने साथियों के साथ लूटपाट को अंजाम देना स्वीकार किया है। विधि के साथ संघर्षरत बालक से पर्स, आधारकार्ड, फोटो नकदी 2,000 रूपये एवं केटीएम बाइक सी.जी. 13 ए.ए. 4146 कीमती रु.1,50,000 जप्त कर विधि के साथ संघर्षरत बालक को बाल किशोर न्याय बोर्ड, रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया , जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। घटना में शामिल दो फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दिया गया जो फरार हैं। माल मुल्जिम पतासाजी की कार्रवाई में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, प्रधान आरक्षक अनुप कुजूर, पारसमणी बेहरा, आरक्षक किशोर कुल्लू, भूपेश राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

मारपीट मामले के दो फरार आरोपियों को जूटमिल पुलिस गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। जूटमिल पुलिस द्वारा मारपीट मामले के दो फरार आरोपी उमंग राय और अंकुर सिंह को कल फटहामुड़ा के पास गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी उमंग राय पिता सत्येंद्र राय 25 वर्ष , अंकुर सिंह पिता स्वर्गीय कमलेश्वर सिंह उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी फटहामुड़ा जूटमिल के द्वारा दिनांक 04/07/2022 को द्वारा उसके मोहल्ले के प्रदुम यादव से रूपये मांगकर झगड़ा मारपीट किये थे और जबरजस्ती प्रदुम यादव के जेब से 200 रूपये निकाल लिये थे। प्रदुम यादव पुलिस चौकी जूटमिल में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने पर दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने अपने घर से फरार हो गये थे। चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा दोनों के क्षेत्र में देखे जाने की सूचना देने मुखबिरों को निर्देशित किया गया था, आज दोनों को मोहल्ले में देखे जाने की सूचना पर प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी एवं हमराह स्टाफ दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया जिन्हें मामले में गिरफतार कर रिमांड पर भेजा गया है।

कलेक्टर की हौसला आफजाई से बढ़ा दिव्यांग बसंत का आत्मविश्वास, फिर से शुरू करेंगे पढ़ाई, मिलेगी नई मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल भी

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम से मिलने आज परसकोल निवासी दिव्यांग बसंत कुमार साहू कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे हुए थे। वे 80 प्रतिशत दिव्यांगता के कारण स्वयं से कहीं आ-जा नहीं सकते हैं। कलेक्टर डॉ.आलम से बसंत साहू ने कहा कि उनको कहीं भी आने-जाने के लिए किसी की मदद लेनी पड़ती है, यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो उन्हे बड़ी राहत होगी। कलेक्टर डॉ.आलम ने समाज कल्याण अधिकारी को शीघ्र मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बसंत साहू से जब कलेक्टर डॉ.आलम ने हाल-चाल पूछा तो उनके पिता ने बताया कि वह पढ़ाई छोड़ चुका है। उन्होंने बसंत को अच्छे से ट्राइसाइकिल चलाने में अभ्यस्त होने के पश्चात फिर से अपनी पढ़ाई नये सिरे से शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के पश्चात वो शासन की योजना का लाभ लेकर अपना काम शुरू कर सकते है अथवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर शासकीय पद पर चयनित हो सकते हैं। कलेक्टर डॉ.आलम की हौसला आफजाई से प्रेरित होकर बसंत ने कहा कि वे आगे अपनी पढ़ाई जरूर पूरी करेंगे।

चोरी की दो बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने भेजा रिमांड पर

❐ बिना नंबर बाइक के साथ घूम रहे थे दोनों संदिग्ध युवक, पूछताछ में चोरी की बाइक का होना पता चला

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल मुखबिरों को सक्रिय कर विशेष रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों में माल मुल्जिम की पतासाजी में लगे हैं, जिसमें पुलिस टीम को निरंतर सफलता मिल रही है।

इसी कड़ी में आज दिनांक 11.11.2022 को साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रांसपोर्ट नगर के पास दो संदिग्ध लड़के बिना नंबर बाइक लिए घूम रहे हैं और वे अपने बाइक को बेचने कुछ लोगों से सौदा कर रहे थे। चौकी प्रभारी द्वारा चौकी से सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी को टाउन पेट्रोलिंग के साथ जाकर तस्दीक करने निर्देशित किए, टाउन पेट्रोलिंग ट्रांसपोर्ट नगर के पास दो लड़कों को बिना रजिस्ट्रेशन मोटरसाइकिल टीवीएस एवं हीरो एचएफ डीलक्स में घूमते हुए पकड़ी और ट्रांसपोर्ट नगर सारंगढ़ बस स्टैंड के पुलिस सहायता केंद्र लेकर आई। दोनों लड़कों से उनके मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट, रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं लिखे होने के संबंध में पूछताछ कर कागजात की मांग की है जिस पर दोनों अपने बाइक का कोई कागजात नहीं होना बताएं। संदिग्ध युवक अमन महंत से टीवीएस मोटरसाइकिल कीमत रु.20,000 तथा खीरमोहन किशन से हीरो एचएफ डिलक्स कीमत रु.15,000 जुमला रु.35,000 चोरी की मशरूका होने के संदेह में आरोपियों से जप्त कर पुलिस चौकी जूटमिल लाया गया। आरोपी अमन महंत पिता रामकिशन महन्त उम्र 20 साल ननसिंया चौकी जूटमिल और आरोपी खीरमोहन पिता लच्छीराम किशन उम्र 26 वर्ष निवासी कोड़ातराई चौकी जूटमिल थाना कोतवाली के विरुद्ध चौकी जूटमिल में इस्तगासा धारा 41(1+4)/ 379, 34 भादवि के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को सीजीएम कोर्ट रायगढ़ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी एसआई कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, आरक्षक बनारसी सिदार, विनय तिवारी और विक्रम सिंह की प्रमुख भूमिका रही है।

राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर सीएचसी लोईंग में कार्यशाला आयोजित

रायगढ़। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्यालय से जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी.कुलवेदी के अध्यक्षता में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड लोईंग में आज राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी द्वारा Lymphedema मरीजों को रोग प्रबंधन हेतु विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया ताकि मरीज नियमित रोग प्रबंधन कर सके। इसके साथ ही सभी Lymphedema रोगियों को प्रभावित अंग का रोग प्रबंधन हेतु एमएमडीपी किट प्रदाय किया गया। जिला कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक गत 09 नवम्बर 2022 को विकासखण्ड लोईंग के 10 हाइड्रोसील मरीजों का आपरेशन किया गया एवं इसके साथ ही आज ''राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस' के अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ. हितेश जायसवाल के कुशल निर्देशन तथा विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया के सहयोग से पुन: 06 हाइड्रोसील मरीजों का सफलता पूर्वक आपरेशन किया गया। उक्त कार्यशाला में बताया गया कि संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाईलेरिया (हाथी पांव) रोग संक्रमण होता है। विकासखण्ड स्तर पर फाईलेरिया उन्मूलन करने हेतु ग्राम, उप.स्वा.केद्र, प्राथ.स्वा. केद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार गतिविधि किया गया। गंदा पानी, नाली तथा तालाब, डभरा जहां जलकुम्भी पाए जाते हैं, उन जल स्त्रोतों में क्यूलेक्स मच्छर अधिक पनपते है। जिस हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ आमजन के समन्वय से मच्छर लार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि किया जा रहा है। जिससे बिमारी का रोकथाम एवं नियंत्रण समय पूर्व किया जा सके। उक्त एक दिवसीय कार्यशाला में सामु.स्वा.केद्र लोईंग से खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ. हितेश जायसवाल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया, व्ही.बी.डी.टेक्निकल सुपरवाइजर निर्मल प्रसाद, विकासखण्ड मलेरिया प्रभारी कविता कसेरा, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक योगेश यादव, सचिवीय सहायक आशीष साहू एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी सामु. स्वा.केन्द्र लोईंग उपस्थित रहे।

दिव्यांगों और वृद्धों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हेल्थ वेडनेसडे कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत विभागीय मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित संस्थाओं के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं में निवासरत हितग्राहियों के संरक्षण एवं नियमित स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए सक्षम रायगढ़ अभियान के अंतर्गत हेल्थ वेडनेसडे थीम पर 9 नवम्बर 2022 को स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हेल्थ वेडनेसडे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार को संस्थागत वृद्धों एवं दिव्यांगजनों का विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार नि:शुल्क औषधियों का वितरण कर हेल्थ रिकॉर्ड रखा जायेगा। स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर 08 वृद्धजनों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जाकर 21 वृद्धजनों को चश्मा प्रदाय किये जाने के लिए पंजीयन किया गया। साथ ही 07 वृद्धों को मधुमेह संबंधी बीमारियों का इलाज जिला चिकित्सालय में कराये जाने के लिए चिन्हित किया गया। इसी प्रकार संस्थागत दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर उनका उचित देखभाल किया जा सकेगा। 01 अक्टूबर 2022 से प्रारम्भ पुरखा के सुरता कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे वर्ष भर वृद्धजनों की देखभाल किये जाने का संकल्प समाज कल्याण विभाग द्वारा लिया गया। हेल्थ वेडनेसडे के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग से संबद्ध संस्था बापू की कुटिया रिहैब फाउण्डेशन, उम्मीद विशेष विद्यालय-उन्नायक सेवा समिति, घरौंदा गृह रायगढ़, प्रांजल विशेष विद्यालय सारंगढ़, उम्मीद विद्यालय बरमकेला, अंधमूक बधिर विशेष विद्यालय नंदा सरकुलेशन संस्थान तमनार, जय बुढ़ी माई समिति कोसमनारा रायगढ़, असीम छाया वृद्धाश्रम रायगढ़ में निवासरत सभी कर्मचारियों, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों ने विशेष सहभागिता दी। हेल्थ वेडनेसडे कार्यक्रम के आयोजन से लगभग 250 से अधिक दिव्यांग बच्चों एवं 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा से लाभान्वित किया गया।

स्कूली बच्चों की स्पीड रीडिंग एवं मौखिक गणित की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 16 को

❐ रायपुर में जुटेंगे प्रदेशभर के विद्यार्थी

❐ पांच संभागों के 40 विद्यार्थी करेंगे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन

❐ प्राथमिक और मिडिल स्कूल के बच्चे होंगे शामिल

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में संचालित प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के स्कूली बच्चों की स्पीड रीडिंग और मौखिक गणित की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 16 नवंबर को राजधानी रायपुर में होगी। इसमें 5 संभागों के चयनित 40 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वय को प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 16 नवंबर को स्पीड रीडिंग एवं मौखिक गणित में संभाग स्तर पर विजयी प्राथमिक और मिडिल स्कूल स्तर के प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए रायपुर लाना सुनिश्चित करें। जिला एवं संभाग स्तर पर चयनित विद्यार्थी स्पीड रीडिंग के मामले में और मौखिक गणित के सवालों को हल करने के मामले में बहुत अच्छे स्तर के होने चाहिए। प्रत्येक जिले से चयनित विद्यार्थियों के नाम एवं विवरण राज्यस्तर पर प्रतियोगिता में आने वाली टीम के साथ भेजा जाए। सफल आयोजन के लिए जिलों में कार्यरत पीएमयू को भाषा, गणित एवं टेक्नालॉजी के उपयोग तथा ऑनलाइन प्रतियोगिता के आयोजन के लिए लिया जाए।

प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि समय की कमी को ध्यान में रखते हुए स्कूल स्तर पर इन प्रतियोगिता का आयोजन करना कठिन होगा। अत: प्रतियोगिता में स्वेच्छा से शामिल होने के लिए स्कूलों को अवसर प्रदान करें। जिन शालाओं में शिक्षक अपने बच्चों के साथ अच्छी मेहनत करते हैं, उन्हें लगता है कि उनके बच्चों की स्पीड रीडिंग एवं मौखिक गणित में अच्छी पकड़ है, केवल उन्हीं स्कूलों को इसमें शामिल होने का अवसर दें। इस प्रतियोगिता में स्कूलों को शामिल होने की बाध्यता नहीं होगी, परंतु इस अवसर का लाभ उठाते हुए सभी स्कूलों में भी इन दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन अवश्य करवाया जाए। विकासखण्ड स्तर पर स्वेच्छा से प्रतियोगिता में शामिल होने वाले स्कूलों और उनके द्वारा नामांकित बच्चों के नाम मंगवाते हुए 11 नवंबर को ऑनलाइन माध्यम से दोनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर दें। विकासखण्ड से सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे का चयन जिलास्तर के लिए किया जाए। विकासखण्ड स्तर पर चयनित 4 विद्यार्थियों में से दो विद्यार्थी स्पीड रीडिंग और दो मौखिक गणित, जिसमें एक प्राथमिक और एक मिडिल स्कूल स्तर का होना चाहिए। इनकी ऑनलाइन माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन 12 नवंबर तक कर लिया जाए।

इसी प्रकार जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों की प्रतियोगिता का आयोजन संभाग स्तर पर किया जाए। संभाग स्तर पर प्रत्येक विधा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने लाया जाए। प्रत्येक संभाग से 8 विद्यार्थियों में से दो स्पीड रीडिंग एवं दो मौखिक गणित सहित कुल चार प्राथमिक स्तर और इसी प्रकार मिडिल स्कूल स्तर से भी चार विद्यार्थियों को 16 नवंबर को एक-एक शिक्षक के साथ रायपुर भेजा जाए।

प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में निर्देशित किया गया है कि विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर ऑनलाईन प्रतियोगिता आयोजन के लिए एक्सपर्ट की टीम का गठन कर लिया जाए। इस टीम के माध्यम से बच्चों के प्रस्तुतिकरण देखने के बाद उनमें से जज के रूप में प्रत्येक स्तर पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन करें। मौखिक गणित के लिए प्राथमिक और गणित स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों से सवाल करना पर्याप्त संख्या में उनके स्तर के अनुरूप हल करने योग्य मौखिक सवाल पहले से तैयार रखें जाएं। राज्य स्तर पर भी इन सवालों को भेजकर विभिन्न स्तरों पर पूछे जा रहे सवालों के संबंध में सूचित करें। स्पीड रीडिंग के लिए प्राथमिक स्तर पर कुछ अपरिचित पाठ्य सामग्री की उपलब्धता रखी जाए, जिसे ऑनलाइन पढऩा होगा। इसी प्रकार मिडिल स्कूल स्तर पर 'सौ दिन सौ कहानियां' सीरीज में से कुछ पुस्तकें पढऩे का अवसर देते हुए बच्चों की समझ की परख के लिए प्रश्न भी पूछे जाएं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480